**भारत सरकार**

**पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं० 1480**

**दिनांक 01.01.2018 को उत्तर दिए जाने के लिए**

स्वच्छ भारत मिशन का कार्यान्वयन

**1480-** श्री विशम्भर प्रसाद निषादः

क्या पेयजल और स्वच्छता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ग्रामीण और शहरी आबादी में राष्ट्रीय स्वच्छता का दायरा वर्तमान में कितना है और गत 3 वर्षों में इसमें कितनी वर्ष–वार वृद्धि दर्ज हुई है;

(ख) वर्तमान समय में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कितने प्रतिशत जनता संसाधनों के अभाव के कारण खुले में शौच करने के लिए बाध्य है;

(ग) स्वच्छ भारत मिशन के तहत कितने शौचालयों का निर्माण देश में हुआ है; तत्संबंधी राज्य–वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) स्वच्छता हेतु लोगों को शौचालयों के प्रयोग के संबंध में अधिक से अधिक जागरूक बनाने के लिए गत 3 वर्षों में कितनी राशि खर्च की गई है?

**उत्तर**

**राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय**

**(श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागी)**

(क) स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) (एसबीएम.जी) खुले में शौच से मुक्ति और ठोस एवं तरल अपशिष्ट के प्रबंधन से संबंधित है। पिछले तीन वर्षों के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता कवरेज और कवरेज में वार्षिक बढ़त इस प्रकार है:-

| | स्वच्छता कवरेज | वार्षिक तहत |
|---|---|---|
| 01. 04.2014 तक | 39.18 | - |
| 01. 04.2015 तक | 42.69 | 3.51 |
| 01. 04.2016 तक | 50.30 | 7.61 |
| 01. 04.2017 तक | 63.56 | 13.26 |

(ख) स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के एकीकृत प्रबंधक सूचना प्रणाली (आईएमआईएस) अनुसार दिनांक 28.12.2017 तक खुले में शौच करने वाले ग्रामीण परिवारों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार प्रतिशत **अनुलग्नक -I** है।

(ग) दिनांक 02.10.2014 को एसबीएम (जी) के प्रारंभ से 28.12.2017 तक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत निर्मित वैयक्तिक पारिवारिक शौचालयों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार संख्या **अनुलग्नक II** में है।

(घ) केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत 2014-15, 2015-16 और 2016-17 के दौरान सूचना, शिक्षण और संप्रेषण (आईईसी) पर क्रमश: कुल 254.76 करोड़, 307.57 करोड़ रू. और 375.98 करोड़ रू. खर्च किए गए हैं।

दिनांक01-01-2018 को उत्तर दिए जाने हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1480 के उत्तर के भाग (ख) में उल्लिखित विवरण

**दिनाक 28.12.2017 के अनुसार खुले में शौच करने वाले ग्रामीण परिवारो का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार प्रतिशत**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | खुले में शौच करने वाले ग्रामीण परिवारो का प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 8.53 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 19.96 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0.00 |
| 4 | असम | 20.21 |
| 5 | बिहार | 63.85 |
| 6 | चंडीगढ़ | 0.00 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 0.00 |
| 8 | दादरा एवं नगर हवेली | 21.32 |
| 9 | दमन एवं दीव | 0.00 |
| 10 | गोवा | 23.78 |
| 11 | गुजरात | 0.00 |
| 12 | हरियाणा | 0.00 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 0.00 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 55.87 |
| 15 | झारखंड | 34.24 |
| 16 | कर्नाटक | 14.62 |
| 17 | केरल | 0.00 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 15.41 |
| 19 | महाराष्ट्र | 4.03 |
| 20 | मणिपुर | 18.73 |
| 21 | मेघालय | 0.00 |
| 22 | मिजोरम | 3.99 |
| 23 | नागालैंड | 14.30 |
| 24 | ओडिशा | 55.01 |
| 25 | पुडुचेरी | 48.24 |
| 26 | पंजाब | 7.26 |
| 27 | राजस्थान | 3.20 |
| 28 | सिक्किम | 0.00 |
| 29 | तमिलनाडु | 13.09 |
| 30 | तेलंगाना | 25.31 |
| 31 | त्रिपुरा | 26.59 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 44.39 |
| 33 | उत्तराखंड | 0.00 |
| 34 | पश्चिमी बंगाल | 5.31 |
| | | **24.97** |

अनुलग्नक-2

**दिनांक01-01-2018 को उत्तर दिए जाने हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1480 के उत्तर के भाग (ग) में उल्लिखित विवरण**

**दिनांक 2.10.2014 से 28.12.2017 तक एसबीएम (जी) के तहत निर्मित वैयक्तिक पारिवारिक शौचालयों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार संख्या**

| क्रं.सं. | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र | दिनांक 2.10.2014 से 28.12.2017 तक एसबीएम (जी) के तहत निर्मित वैयक्तिक पारिवारिक शौचालय |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 15705 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 2572892 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 112184 |
| 4 | असम | 2157006 |
| 5 | बिहार | 2786590 |
| 6 | चंडीगढ़ | 0 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 2744374 |
| 8 | दादरा एवं नगर हवेली | 11652 |
| 9 | दमन एवं दीव | 1600 |
| 10 | गोवा | 28637 |
| 11 | गुजरात | 3182508 |
| 12 | हरियाणा | 635860 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 177980 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 313382 |
| 15 | झारखंड | 1846131 |
| 16 | कर्नाटक | 3198557 |
| 17 | केरल | 227631 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 5001294 |
| 19 | महाराष्ट्र | 4853398 |
| 20 | मणिपुर | 136933 |
| 21 | मेघालय | 191969 |
| 22 | मिजोरम | 21986 |
| 23 | नागालैंड | 72101 |
| 24 | ओडिशा | 3105598 |
| 25 | पुडुचेरी | 5545 |
| 26 | पंजाब | 237927 |
| 27 | राजस्थान | 7313350 |
| 28 | सिक्किम | 4514 |
| 29 | तमिलनाडु | 3378953 |
| 30 | तेलंगाना | 1896472 |
| 31 | त्रिपुरा | 151356 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 5569978 |
| 33 | उत्तराखंड | 479357 |
| 34 | पश्चिमी बंगाल | 5328901 |
| | | **57762321** |